# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

**Palwal Road Lodha, Dist. Aligarh, Uttar Pradesh, PIN - 202140**

**Email: registrar.rmpu@gmail.com**

**पत्रांक:-आर०एम०पी०यू०/ 613 /2026** **दिनांक:- 28 अप्रैल, 2026**

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /नोडल अधिकारी (डिजीशक्ति),
सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

**विषयः स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत डिजीशक्ति पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के डेटा अपलोड, डेटा सत्यापन, आधार प्रमाणीकरण (eKYC) एवं शार्टलिस्टिंग प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण कराये जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कई महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत **छात्र-छात्राओं** का **डेटा डिजीशक्ति पोर्टल** पर **अपलोड / सत्यापित नहीं** किया गया है, तथा अनेक विद्यार्थियों की **आधार eKYC / प्रमाणीकरण प्रक्रिया लंबित** है।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि डेटा अपूर्ण रहने अथवा आधार प्रमाणीकरण लंबित रहने की दशा में पात्र छात्र-छात्राएँ शासन की इस महत्त्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं के संबंध में निम्न कार्यवाही **तत्काल प्रभाव से** सुनिश्चित करें—

1. डिजीशक्ति पोर्टल पर लंबित समस्त छात्र-छात्राओं का डेटा शीघ्र अपलोड / सत्यापित कराया जाए।
2. छात्र-छात्रा का **नाम, जन्मतिथि, GENDER, एनरोलमेंट नंबर** आदि का विवरण शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं आधार अभिलेख से मिलान कर **त्रुटिरहित प्रविष्टि** सुनिश्चित करें।
3. जिन विद्यार्थियों का आधार प्रमाणीकरण (eKYC) लंबित / Pending है, उनका तत्काल निराकरण कराया जाए।
4. **आधार प्रमाणीकरण (eKYC) के पश्चात्** पात्र छात्र-छात्राओं का डेटा **शार्टलिस्ट कर जिला स्तर पर अग्रसारित** किया जाए।
5. पूर्ण की गई कार्यवाही की अद्यतन रिपोर्ट संस्थान स्तर पर सुरक्षित रखी जाए तथा आवश्यक होने पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

अतः अपेक्षित है कि यह कार्यवाही **अत्यन्त प्राथमिकता** पर पूर्ण हो तथा किसी भी दशा में पात्र विद्यार्थी योजना से वंचित न रहें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा शिथिलता/लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित महाविद्यालय के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

**संलग्नक: समय सारिणी से संबंधित पत्र।**

28-4-26
(प्रबुद्ध सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-**

1. नोडल अधिकारी डिजीशक्ति, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. उप-कुलसचिव, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रभारी, आई.टी. सेल, कॉलेज लॉगिन एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
4. निजी सचिव मा० कुलपति जी, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. संबंधित पत्रावली।

कुलसचिव

updesco

सन्दर्भ संख्या :- D/24-25/2245
दिनांक :- 24-09-2024

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास मिशन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम, पशुधन विभाग, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, संस्कृति विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।

2. कुलपति,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज; अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़; बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी; केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, वाराणसी; राजीव गाँधी नेशनल एवीएशन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी।

**विषयः– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र–छात्राओं के डाटा को एडिट/प्रमोट/अपलोड एवं सत्यापन करने की प्रक्रिया हेतु पोर्टल को खोले जाने हेतु समय–सारिणी में परिवर्तन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु विकसित डिजीशक्ति पोर्टल पर छात्र–छात्राओं का डाटा एडिट/प्रमोट/अपलोड किये जाने के पश्चात डाटा का सत्यापन किये जाने के लिये निर्धारित मासिक समय–सारिणी में परिवर्तन कर उक्त समस्त कार्यवाहियाँ अब पाक्षिक आधार पर सम्पन्न कराये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है। उक्त परिवर्तित व्यवस्थानुसार यह कार्यवाहियाँ अब निम्न समय–सारिणी के अनुसार सम्पन्न की जा सकेंगीः–

| क्रम सं. | कार्यवाही | पूर्व में निर्धारित समय–सारिणी दिनांक (प्रत्येक माह) | परिवर्तित समय–सारिणी दिनांक (प्रत्येक माह) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रथम पखवाड़ा | दूसरा पखवाड़ा |
| 1 | संस्थानों द्वारा छात्र–छात्राओं के डाटा को एडिट/प्रमोट/अपलोड किया जाना। | 01 से 12 तक | 01 से 05 तक | 16 से 20 तक |
| 2 | संस्थानों द्वारा वेरीफाई किया जाना। | 14 से 17 तक | 06 से 08 तक | 21 से 23 तक |
| 3 | विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/काउन्सिल (UBSC) द्वारा अप्रूव किया जाना। | 18 से 23 तक | 09 से 11 तक | 24 से 26 तक |
| 4 | विभाग द्वारा डाटा लॉक किया जाना। | 24 से 26 तक | 12 से 14 तक | 27 से 29 तक |

कृपया उक्त से अवगत होते हुये अपने विभाग/विश्वविद्यालय से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को उक्त परिवर्तित व्यवस्था से अवगत कराने तथा उनके माध्यम से विभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी UBSC को सूचित कराने का कष्ट करें। तत्क्रम में UBSC स्तर से भी सम्बन्धित संस्थाओं को सूचित कराया जाना अनुरोधित है।

भवदीया,

Signed by
Neha Jain
Date: 23-09-2024 17:52:35(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।
1. प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. नोडल अधिकारी (योजना से आच्छादित समस्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/सोसाइटी/काउन्सिल)।

(नेहा जैन)
प्रबन्ध निदेशक